प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला

19.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

अपील

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चुनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंध किये गये हैं। निर्वाचन आयोग मतदान केंद्रों पर सभी का स्वागत कर रहा है, लोगों को वोट डालने अवश्य आना चाहिए। राजीव कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 16 करोड़ से अधिक मतदाता पर्चियां वितरित की गई हैं। इस बीच लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान आज संपन्न हो गया है। इस चरण में 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की एक सौ 2 सीटों के लिए वोट डाले गए हैं।

अधिसूचना

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की अधिसूचना भी जारी हो गई है। इस चरण में 13 मई को 9 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा। उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इधर हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर सातवें व अंतिम चरण में पहली जून को होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा 7 मई को अधिसूचना जारी की जाएगी।

कांग्रेस बैठक

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए पार्टी ने रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आज मंडी संसदीय क्षेत्र को लेकर आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य सरकार के 15 महीने के विकास कार्यों को जनता के बीच ले जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मंडी संसदीय सीट पर जीत के लिए कार्यकर्ताओं से फीड बैक लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने महिला उत्थान के लिए कई बेहतरीन कार्य किए हैं। शिमला ज़िले के रामपुर में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ जैसी महत्वकांक्षी योजना को चलाकर जनसंख्या अनुपात को बराबर करने में अहम भूमिका निभाई गई है। बिंदल ने कहा कि लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण का प्रावधान करना बदलते भारत की नीव साबित होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने महिला आरक्षण विधेयक को अटकाने, लटकाने और भटकाने का कार्य किया है।

सुरेश कश्यप

प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व सांसद सुरेश कश्यप ने चुनाव प्रचार अभियान के तहत आज रोहडू क्षेत्र में 6 जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र बनकर उभरा है और पूरे देश से गुंडा राज समापन की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस सरकार को घेरते हुए सुरेश कश्यप ने कहा कि वर्तमान राज्य

सरकार का कार्यकाल में हर वर्ग दुखी है और सभी अपने हक का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 15 महीने के कार्यकाल में सरकार कुछ नहीं कर पाई है और केवल जनता को झूठे सपने दिखाए गए हैं।

दूसरी ओर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने नुरपूर में एक जनसभा में कहा कि पिछले 10 वर्षों में 34 लाख करोड़ रुपये विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकाल में पिछली कांग्रेस सरकारों में चली आ रही लूट की व्यवस्था पर विराम लगा है।

सोलन–डायरिया

सोलन ज़िले के परवाणु क्षेत्र में डायरिया के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। इस क्षेत्र में डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या 3 सौ से ऊपर पहुंच गई है। ऐसे में ज़िला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि डायरिया की रोकथाम के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को उचित दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को पानी के सैंपल लेकर उचित जांच करने को भी कहा गया है।

नशा मुक्त ऊना

ऊना जिले को ड्रग फ्री बनाने के लिए उपायुक्त जतिन लाल ने पुलिस विभाग को सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक चौकसी बरतने को कहा है। ऊना में आज एक बैठक में उन्होंने अधिकारियों को ज़िले में नशा जागरूकता शिविरों के आयोजन के लिए व्यापक कार्य योजना बनाने पर भी बल दिया। इसके अलावा उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ–साथ पंचायत स्तर पर भी खेल गतिविधियां आयोजित करवाने के निर्देश दिए।

हादसा

ऊना ज़िले के समूरकलां में आज दोपहर श्रद्धालुओं से भरे एक टैम्पू के पलटने से करीब 15 लोग घायल हो गए। इस हादसे में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हुआ है। सभी घायल लोगों का ऊना के ज़िला अस्पताल में उपचार चल रहा है। ये सभी श्रद्धालु बाबा बालक नाथ मंदिर से दर्शनों के बाद अमृतसर लौट रहे थे। ऊना ज़िला प्रशासन ने सभी घायलों को फौरी राहत प्रदान की है।